# जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण

# जिला फरीदाबाद

**2008. 2009**




*जिला सांख्यिकीय अधिकारी*
*फरीदाबाद*

2010

# आमुख

इस प्रकाशन का उद्वेश्य जिला फरीदाबाद मे पिछले एक वर्ष मे सामाजिक एवम् आर्थिक तथा अन्य विकास कार्यो के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है। इस में जिले से सम्बंधित विभिन्न विषयों विशेषकर क्षैत्रफल, जनसंख्या, कृषि, सिंचाई, वन, पशुपालन, उद्योग, सड़क, तथा परिवहन, संचार, श्रम तथा रोजगार, सहकारिता, बैक, शिक्षा, चिकित्सा, समाजकल्याण इत्यादी के अतिरिक्त बहुत से विविध विषयों पर सूचना के साथ साथ जनगणना 2001 अनुसार जनसंख्या की सूचना उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है ।

यह प्रकाशन विभिन्न विभागो, अनुसंधान संस्थाओ और उन संस्थाओ एवं व्यक्तियों के लिये उपयोगी सिद्व होगा जिनकी जिला फरीदाबाद की सामाजिक व आर्थिक समस्याओं तथा उनसे जुड़े अन्य पहलुओं में रुची है।

मैं जिला फरीदाबाद के विभिन्न कार्यालय अध्यक्षों, जिन्होंने इस प्रकाशन के लिये सूचना उपलब्ध कराने में सहयोग दिया, के लिए आभारी हुं ।

अन्त में मैं श्रीमती निलम स0जि0स0अ0 के द्वारा इस प्रकाशन को संकलित करने ग्राफ तैयार करने तथा रिर्पोट को इस रूप में समय पर प्रकाशित करने के लिय आभार प्रकट करता हूं ।

तिथि 26.07.2010

जय सिह मलिक
जिला सांख्यिकीय अधिकारी
फरीदाबाद ।

# जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण–जिला फरीदाबाद

## विषय सूची


| *विषय* | *पृष्ट संख्या* |
|---|---|
| परिशिष्ठ–1 सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण –जिला फरीदाबाद | 1–2 |
| परिशिष्ठ–2 स्थिति तथा भौतिक विशेषतायें | |
| 1. स्थिति तथा भौतिक विशेषतायें | 3–4 |
| स्थिति | |
| क्षैत्रफल तथा प्रशासनिक ढांचा | |
| भौतिक विशेषतायें | |
| खनिज सम्पदा | |
| नदियां | |
| जलवायुतथा वर्षा | |
| मिट्टी | |
| भू–जल विज्ञान | |
| 2. जनसंख्या | 4–7 |
| जनगणना के आकंडे | |
| घनत्व | |
| ग्रामीण व शहरी जनसंख्या | |
| 0–6 आयु वर्ग की जनसंखया लिंगानुपात | |
| 0–6 आयु वर्ग के बच्चों में लिंगअनुपात | |
| साक्षरता ग्रामिण व शहरी | |
| 3. वन | 7 |
| वनो के अधीन क्षैत्रफल | |
| 4. कृषि | 7–9 |
| भुमि का प्रयोग | |
| कृषि जोते | |
| मुख्य फसलों का उत्पादन | |
| अधिक उपजाउ् किस्में | |
| रासायनिक खाद का विवरण | |
| अधिक उपजाउ् किस्में | |
| रासायनिक खाद का विवरण | |
| पौधौं की सुरक्षा के उपाय | |
| कृषि उपज बिक्री संग्रहण | |
| समन्वित ग्रामीण विकास कार्यकृम | |

| *विषय* | *पृष्ट संख्या* |
|---|---|


भूमि विकास कार्यकृम 9
5. सिचाई 10
सिचाई के साधन
फसल अनुसार सिंचित क्षैत्र
सिचाई की सधनता
नलकूप / पम्पिंग सैट
बाढ.
6. पशुपालन तथा डेरी 10–11
पशु पालन
पशु चिकित्सालय सेवायें
डेरी 'दुग्ध उत्पादन'
7. मछली पालन 11
8. विद्युत 11
विद्युतीकरण 'शहर/गांव'
नलकूप
विभिन्न परियोजनाओ में विद्युत का उपयोग
9. खनिज पदार्थ तथा उद्योग 12
खनिज उत्पादन
लघु उद्योग ईकाईयां
बड़ें तथा मध्यम स्तरीय उद्योग ईकाईयां
10. सड़क तथा परिवहन 12
सड़को की लम्बाई
रेलवें स्टेशन एवम् हरियाणा परिवहन बस स्टैण्ड की संख्या
राज्य परिवहन
सड़क दुर्घटनायें
11. संचार 13
डाकघर व तार घर
दुरभॉष कें‍न्द्र
12. श्रम तथा रोजगार 13
औद्योगिक झगडें
रोजगार केन्द्र
मजदूरी की औसत दैनिक आय

| *विषय* | *प्रष्ट संख्या* |
|---|---|
| 13. सहकारिता | 14 |
| 14. बैंक | 14 |
| 15. शिक्षा | 15 |
| विद्यालय तथा महाविद्यालय | |
| अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम | |
| इन्जिनियरिग कालेज | |
| 16. चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य | 16 |
| स्वास्थ्य सेवाएं | |
| परिवार कल्याण प्रोग्राम | |
| सुरक्षित पेयजल | |
| 17. कल्याण विभाग 'अनुसूचित जातियां व पिछड़ें वर्ग | 17 |
| वृद्धावस्था एंव अन्य पैशन | |
| 18. विविध | 17–20 |
| नगरपालिकाएं | |
| जिला राजस्व | |
| रजिस्ट्रीकरण | |
| पुलिस तथा अपराध | |
| हरियाणा सरकार के कर्मचारी | |
| मनोरंजन | |
| टेलिविजन सैट | |
| बचत | |
| विकेन्द्रीयकृत योजना | |
| खेलकूद | |
| राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र | |
| चुनाव तथा मतदाता | |
| परिशिष्ठ–3 जिला एक दृष्टि में | 21 |

## परिशिष्ठ–1

## जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण जिला फरीदाबाद

फरीदाबाद एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथा उद्योगिक नगर है।यह राज्य के दक्षिण में स्थित है। इसके पूर्व में सदा बहार यमुनानदी है। राज्य सरकार ने जिला पुनर्गठन समिति की सिफारिश पर 15 अगस्त 1979 को स्वतन्त्रता दिवस पर पुराने जिले गुडगांव को विभाजित करके फरीदाबाद को बॉरवें जिले के रुप में स्थापित किया । यह जिला उत्रर में दिल्ली; पूर्व में यू0पी तथादक्षिण में राजस्थान प्रदेश से घिरा हुआ है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का भैगोलिक क्षेत्रफल **1752(P)** वर्ग किलोमीटर है ।

1. इस समय जिलें में कुल 346 गांव(आबाद गावं 333 व गैर आबाद गावं 13) है। जो 5सामुदायिक विकास खण्डों में विभाजित है। इस समय जिले में 4 उपमण्डल व 4 तहसीलें है । राजस्व रिकार्ड के अनुसार क्षैत्रफल 1721 वर्ग कि0 मी0 है । हरियाणा राज्य में फरीदाबाद जिला सबसे अधिक जनसंख्या वाला जिला है। 2001 की जनगणना के अनन्तिम आकडों के आधार पर जिले की जनसंख्या 2194586 हो गयी है । दिनॉक 4/4/05 को नवगठित जिला मेवात (नूहं) का गठन होने उपरांत फरीदाबाद जिले की एक तेहसील हथीन का विलय नूहं में होने उपरांत जिले की आबादी 1990719 रह गई है। तथा जिले का कुल क्षेत्रफल 1752 वर्ग किलोमीटर रह गया है जिस में 1084138 पुरुष व 906581 स्त्रीयां है । 780291 ग्रामिण व 1210428 नगरीय जनसंख्या है।ऐसा कहा जाता है कि भारत गांवो में बसता है यह हरियाणा के लिये सही है लेकिन फरीदाबाद के लिये सही नहीं है क्योंकी शहरी जनसंख्या 1210428 है जो की ग्रामिण जनसंख्या से ज्यादा है जिसका प्रतिशत 60.80 है । यह राज्य का पहला जिला है जिसकी आबादी 19 लाख से उपर है । जिला फरीदाबाद की सीमा में फरीदाबाद, बल्लबगढ़, न्यूटाउनशिप के मिश्रित प्रशासन को हरियाणा म्युनिसिपल एक्ट न0–16 अक्तुबर 1994 से नगरनिगम बनाया गया है।

2. जिला फरीदाबाद की जलवायु अनिश्चितता लिये हुए है अर्थात यहां पर गर्मियों में अधिक गर्मी तथा सर्दियों में अत्याधिक सर्दी होती है। गर्मियों में यहां का तापमान अधितम 46 डिग्री सै0 तक पहुंच जाता है। जबकि सर्दियों में 2 डिग्री सै0 तक गिर जाता है। वार्षिक औष्सत वर्षा 70.2 सै0मी0 रिकार्ड की गई ।

3. वर्ष 2007–2008 में गांव के प्रपत्रों के अनुसार जिलें का कुल क्षैत्रफल 172 हजार है0 है। 2007–2008(P) कृषि योग्य भुमि का क्षैत्रफल 127 हजार है0 है जो कुल क्षैत्रफल का 73.79 प्रतिशत है। निवल बोया गया क्षैत्रफल 116 हजार है0 है, जो कृषि योग्य भुमि का 91.34प्रतिशत है। एक बार से अधिक बोया क्षैत्र 104 हजार है0 है, जो निवल बोये गये क्षैत्र का 89.66 प्रतिशत है। इस प्रकार 2007–2008 में कुल बोया क्षैत्र 220हजार है0 है। कुल बोये क्षैत्र में से खाद्यान्नों के अन्तर्गत 70.00 प्रतिशत, दालों के अधीन 3.86 प्रतिशत नकदी फसलों गन्ना तेलबीज, कपास तथा आलू के अधीन 4.0 प्रतिशत क्षेत्र है। धान के अधीन 13.27 प्रतिशत क्षेत्र है। इसके पश्चात गेहूं का स्थान आता है जो 47.23 प्रतिशत है जो सबसे अधिक है।

4. जिले में 5 मण्डियां तथा 4 सबयार्ड है, इन मण्डियों में मुख्य आमद गेहूं, जीरी, है। जिले में अनाज संग्रहण करने के लिये गोदाम काफी सख्या में उपलब्ध है।

5. वर्ष 2007–2008(P) में नलकूप तथा पम्पिग सैट जिलें में सिचाई के मुख्य साधन रहे जिस से निवल सिंचित क्षेत्र का 90.51 प्रतिशत क्षेत्र सिंचित किया गया शेष 15.00 प्रतिशत नहरीं द्धारा सिंचित किया गया। वर्ष 2008–2009**(P)** में नलकुप तथा पम्पिग सैट की संख्या 34234 रही।

सिंचाई की क्षमता का मुख्य भाग गेहूं तथा धान की फसलों में प्रयोग किया जाता है।

6. जिलें के सभी गावों का विद्युतिकरण हो चुका है तथा लगभग सभी गांव भी पक्की सड़कों से जुड़े हुए है।

7. सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियों के अनुसार वर्ष 2008–2009 में जिलें में सभी प्रकार की 4297 सहकारी समितियां है। जिनकी सदस्यता 34587 है जिसके अनुसार प्रति लाख व्यक्तियों के पिछे 196 समितियां कार्यरत है।

8. जिले में चिकित्सा सेवायें विभिन्न संस्थाओं जैसे की राज्य सरकार, स्थानीय निकाय तथा एच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाती है। जिले में 5 हस्पताल, 31 डिस्पेंसरियां ,106 सबसैंटर ,एक क्षय रोग केंद्र तथा 19 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों और 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा चिकित्सा सेवाये प्रदान की जाती है। वर्ष 2008–09 में जिले में 8 परिवार कल्याण केन्द्र थे। जिसमे नलबन्दी नसबन्दी के 7896 ओप्रेशन किये गये।

9. वर्ष 2007–2008 में 551 प्राथमिक 'पुर्व प्राथमिक बालबाड़ी सहित 401 माध्यमिक एवं 663उच्च / वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थे । इन विद्यालयों में 474789 विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की गई । उन में से 97211 विद्यार्थी अनुसूचित जाती के थे। उपरोक्त स्कूलो में 12269 अध्यापक कार्यरत थे। जिले में प्राथमिक स्तर पर 108 विद्यार्थी प्रति अध्यापक, माध्यमिक स्तर पर 32 विद्यार्थी प्रति अध्यापक, उच्च स्तर पर 36 विद्यार्थी प्रति अध्यापक तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 15 विद्यार्थी प्रति अध्यापक रहा ।

10. इसके अतिरिक्त वर्ष 2007–2008 में जिले में 11 कला तथा एक विज्ञान महाविद्यालय कार्यरत जिसमें कुल 12964 विद्यार्थी डिग्री स्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जिनमें 1087 विद्यार्थी अनुसूचित जाती से है।

11. देश की राजधानी देहली नजदीक होने के कारण यह जिला अन्य जिलों की अपेक्षा शिक्षामें अग्रणीय है। यहां पर कई इंजिनियर्रिंग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भी विभिन्न पाठयक्रमो में शिक्षा प्रदान कर रहे है।

# परिशिष्ठ–2
## स्थिति तथा भौतिक विशेषतायें

1. स्थिति

जिला फरीदाबाद हरियाणा के पूर्व–पश्चिम में 28 डिग्री 23′ अक्षांश तथा 77 डिग्री 20′ रेखाशं के मध्य मे स्थित है। इसके उत्तर दिशा में देहली ,दक्षिण में गुड़गांव पूर्व में उत्तर प्रदेश और पश्चिम में राजस्थान की सीमा पड़ती है।

2. क्षेत्रफल तथा प्रशासनिक ढांचा

जिला फरीदाबाद का 2001 का राजस्व रिकाड़ के अनुसार कुल क्षेत्रफल 1721 वर्ग कि0 मी0 है दिनॉक 4/4/05 को नवगठित जिला मेवात (नूहं) का गठन होने उपरांत फरीदाबाद जिले की एक तेहसील हथीन का विलय नूहं में होने उपरांत जिले की आबादी 1990719 रह गई है। तथा जिले का कुल क्षेत्रफल 1752**(P)** वर्ग किलोमीटर रह गया है जो राज्य के क्षेत्रफल का 3.96 प्रतिशत है । जिले में फरीदाबाद, बल्लबगढ़, पलवल, व होडल 4 तहसीलें है जो 4 उपमण्डलों के अन्तंरगत आती है। जिले का मुख्य प्रशानिक कार्यालय फरीदाबाद में देहली–मुथरा राष्ट्रीय मार्ग न0–2 पर स्थित है।

3. जिला फरीदाबाद में 346 गांव है। ये सभी गांव 5 सामुदायिक विकास खॅण्डो के अधीन आते हैं। जिला फरीदाबाद में 3 नगर तथा 279 ग्राम पंचायतें हैं। पंचायतों की कुल सदस्य संख्या 3182 है जिनमें 2903 पंच तथा 279 सरपंच है। जिला फरीदाबाद में 5 मार्किट कमेटियां व 4 सबयार्ड है ।

4. भौतिक विशेषतायें

जिला फरीदाबाद का भू–स्थल चपटाकार है तथा समुन्द्र तल से 205 मी0 उंचा है। भूमि का बहाव मुख्यतः उत्तर पूर्व से दक्षिण पश्चिम की ओर है। तहसील फरीदाबाद में सूरजकुंड, बड़खल व होडल में डबचिक दर्शनीय स्थल हैं।

5. खनिज सम्पंदा

जिला फरिदाबाद खनिज सम्पंदा के सन्दर्भ में अधिक सक्षम है क्योकि यहां काफी मात्रा में केओलिन प्राकृतिक व पत्थर मिला रेत काफी मात्रा में उपलब्ध हैं।

6. नदियां

जिला फरीदाबाद में केवल एक महत्वपुर्ण युमना नदी बहती है जो उत्र्र दिशा से दक्षिण–पश्चिम दिशा में बहती है ।बरसात के मौसम मे इस नदी में बाढ़ भी आ जाया करती है ।

7. जलवायू तथा वर्षा

जिला फरीदाबाद का मौसम गर्मियों में अधिक गर्म तथा सर्दियो में अधिक ठण्डा रहता है। मई तथा जून के महीने में सबसे अधिक गर्मी होती है। इन दिनों में तापमान 43 डिग्री सै0ग्रे0 से 45 डिग्री  तक होता है । दिसम्बर से फरवरी तक बहुत अधिक ठण्ड पड़ती है। इस दौरान तापमान 3 डिग्री सै0ग्रे0 तक गिर जाता है। वर्ष 2002 से 2006 तक 5 वर्ष की मासिक सामान्य वर्षा 533.36 मि0मि0 रही ।

8. मिट्टी

जिला फरीदाबाद मिट्टी की प्रकार से दो हिस्सो मे बांटा जा सकता है खादर तथा बांगर । खादर मिट्टी क्षेत्र जिले की यमुना नदी के साथ–साथ पाया जाता है। इसके अतिरिक्त जिले का सारा क्षेत्र बांगर के अन्तर्गत आता है।

9. क. भू–जल विज्ञान

जिले में भू–जल स्तर जमीन की स्तह से 30मी0 से 40 मी0 की गहराई मे पाया जाता है। अधिकांश क्षेत्र में भू–जल स्तर की गहराई 30 – 50 मी0 के मध्य है । समुद्र तल से भूमि जल स्तर 205 मी0 से 230 मी0 के बीच है। जिले मे पिछले 26 वर्षो में भू–जल स्तर में औसतन 0.50 मी0 की वार्षिक दर र्स गिरावट आई है।

ख. भू–जल संसाधन

जिले में भू–जल संसाधन का अत्याधिक विकास हो रहा है।और सभी खण्डो में विकास 90 प्रतिशत से अधिक हुआ हैं।

## जनसंख्या

## जनगणना 2001 के आांकडो के आधार पर

10. जनगणना के आकड़े

जिला फरीदाबाद की जनसंख्या जनगणना 2001 के आंकडो के आधार पर 2194580 है । दिनॉक 4/4/05 को नवगठित जिला मेवात (नूहं) का गठन होने उपरांत फरीदाबाद जिले की एक तेहसील हथीन का विलय नूहं में होने उपरांत जिले की आबादी 1990719 रह गई है जिसमें 1084138 पुरुष व 906581 स्त्रियां है। जब की 1991 की जनगणना के आधार पर जिले की जनसंख्या 906581 थी जिसमे 808223 पुरुष व 669017 स्त्रियां थी । 1991–2001 की अवधी में जिले की जनसंख्या में 48.47 प्रतिशत दशकीय वृद्वि हुई है। जबकी 1981– 1991 दश्कीय वृद्वि दर 49.80 थी। हरियाणा राज्य की दशकीय वृद्वि दर में भी बडोतरी हुई है। यह दर 1981–1991 में 27.41 प्रतिशत से बढ़ कर 1991–2001 में 28.06 हो गई है।

तलिका : जिले की जनसंख्या जनगणना 2001 के अनुसार

| | कुल जनसंख्या | पुरुष | स्त्रियां |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 780291 | 420534 | 359757 |
| शहरी | 1210428 | 663604 | 546824 |
| कुल जनसख्या | 1990719 | 1084138 | 906581 |

11. घनत्व

भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा दिए गए भोगोलिक क्षेत्र के आंकडों के अनुसार जिले का क्षैत्रफल 1752**(P)** वर्ग कि0मी0 है जो राज्य के क्षेत्रफल का 3.96 प्रतिशत है। जनगणना 2001 के आधार पर राज्य की 9.41 प्रतिशत जनसंख्या यहां रहती है।

जनगणना 2001 के आधार पर जिले का घनत्व 1111 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 है। 1991 की जनगणना के अनुसार जिले का घनत्व 702 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 था । हरियाणा राज्य का घनत्व 1991 में 372 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0 मी0 तथा 2001 में 477 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0 मी0 हो गया है।

## 12. ग्रामीण व शहरी जनसंख्या

जनगणना 2001 के आंकड़ो के अनुसार जिले की लगभग 39.20 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 780291 ग्रामीण क्षेत्र में रहती है। जिसमें 420534 पुरुष तथा 359757 स्त्रियां है। जिले की शहरी जनसंख्या 1210428 जो कुल जनसंख्या का 60.80 प्रतिशत है जिसमें 663604 पुरुष तथा 543824 स्त्रियां है। ग्रामीण क्षेत्र में तहसील फरीदाबाद की 115700 जनसंख्या में 61867 पुरुष तथा 53833 स्त्रियां, बल्लबगढ़ की 187458 जनसंख्या में 101248 पुरुष तथा 86210 स्त्रियां, पलवल की 303414 जनसंख्या में 163585 पुरुष तथा 139829 स्त्रियां, होड़ल 173719 जनसंख्या में 93834 पुरुष तथा 79885 स्त्रियां, शहरी क्षेत्र में नगर फरीदाबाद की 1062307 जनसंख्या में 584558 पुरुष तथा 477749 स्त्रियां, पलवल की 100722 जनसंख्या में 53648 पुरुष तथा 47074 स्त्रियां, होड़ल 47399 जनसंख्या में 25398 पुरुष तथा 22001 स्त्रियां है।

तलिका : जिले की जनसंख्याः जनगणना 2001

| | ग्रामीण जनसंख्या | | | शहरी जनसंख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तहसील /नगर | कुल व्यक्ति | पुरुष | स्त्रियां | कुल व्यक्ति | पुरुष | स्त्रियां |
| फरीदाबाद | 115700 | 61867 | 53833 | 1062307 | 584558 | 477749 |
| बल्लबगढ | 187458 | 101248 | 86210 | 0 | 0 | 0 |
| पलवल | 303414 | 163585 | 139829 | 100722 | 53648 | 47074 |
| होडल | 173719 | 93834 | 79885 | 47399 | 25398 | 22001 |
| कुल | 780291 | 420534 | 359757 | 1210428 | 663604 | 546824 |

जिला की ग्रामीण जनसंख्या 2001 में 780291 है। जो 1991 में 739292 थी । इस तरह ग्रामीण जनसंख्या में 31.62 प्रतिशत दशकीय वृद्धि हुई है। जिले शहरी जनसंख्या 1991 में 737948 सें बढ़ कर 2001 में 1210428 हो गई है। अतः शहरी जनसंख्या में 65.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई । जिले के फरीदाबाद व बल्लबगढ़ नगर की जनसंख्या 5 लाख से अधिक होने के कारण नगर निगम बना दिया गया है।

## 13. 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या

जिला फरीदाबाद की जनगणना 1991 में 0–6 आयू वर्ग के बच्चो की संख्या कुल जनसंख्या की 20.29 प्रतिशत से घट कर वर्ष 2001 में 17.08 प्रतिशत रह गई है। जनगणना 2001 में 0–6 आयू वर्ग के बच्चो की संख्या 334163 है। जबकी 1991 में 0–6 आयु वर्ग के बच्चो की संख्या कुल जनसंख्या का 18.98 प्रतिशत से घट कर वर्ष 2001 में 16.78 प्रतिशत रह गई है।

14. जिला फरीदाबाद की ग्रामीण जनगणना में 0–6 आयु वर्ग के बच्चों की जनसंख्या 150085 है जो कुल ग्रामीण जनसंख्या की 19.23 प्रतिशत है तथा शहरी क्षेत्र में यह संख्या 184078 जो कि कुल शहरी जनसंख्या का 15.21 प्रतिशत है।

15. लिगांनुपात

जिला फरीदाबाद की जनगणना 2001 के अनुसार प्रति हजार पुरुषों पर 836 महिलाओं का अनुपात है जो 1991 में 828 था । इससे स्पष्ट है कि स्त्री पुरुष अनुपात में 1991 की तुलना में बढोतरी हुई है। हरियाणा राज्य में यह अनुपात 861 है जो सभी राज्यो में से कम स्तर पर पहंचा है।

जिला फरीदाबाद की ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में यह अनुपात क्रमशः 855 तथा 824 है। जो 1991 में क्रमशः 842 तथा 814 था। ग्रामीण क्षेत्र में स्त्री पुरूष अनुपात फरीदाबाद, बल्लबगढ, पलवल, व होड़ल, में क्रमशः 870, 851, 855, व 851, तथा शहरी क्षेत्र के 5 नगरीय क्षेत्रो के फरीदाबाद, बल्लबगढ, पलवल, होड़ल, हसनपुर व जनगणना ब्लाक तिलपत में क्रमशः 817, 0, 877, 866, 860, तथा 825 है।

16. 0–6 आयु वर्ग के बच्चो में लिगांनुपात,

0–6 आयु वर्ग के बच्चो में लिगांनुपात 845 है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में यह अनुपात क्रमशः 842 तथा 848 है । ग्रामीण क्षेत्र में 4 तहसीलों फरीदाबाद , बल्लबगढ, पलवल, व होड़ल, में क्रमशः844, 839, 841, 844, तथा शहरी क्षेत्र के 5 नगरीय क्षेत्रों फरीदाबाद, बल्लबगढ, पलवल, होड़ल, हसनपुर, व जनगणना ब्लाक तिलपत में क्रमशः 849, 0, 839, 856, 890, व 882 है। हरियाणा राज्य 0–6 ग्रुप में स्त्री– पुरूष अनुपात 820 है । यह गामीण क्षेत्र में 824 तथा शहरी क्षेत्र में 809 हैं।

17. साक्षरता

जिला फरीदाबाद की जनगणना 2001 के अनुसार 1198341 व्यक्ति साक्षर है जिसमें से 446634स्त्री तथा 751707 पुरुष है। जनगणना 2001 में जिला में 72.34 की साक्षरता दर दर्ज की गई । जिले में पुरुष साक्षरता दर 83.24 स्त्री साक्षरता दर 59.27 की तुलना में अधिक रही है। जबकि 1991 की जनगणना अनुसार जिले 59.77 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर थे ।पुरुष साक्षरता दर 74.15 प्रतिशत तथा स्त्री साक्षरता दर 42.12 प्रतिशत थी । जनगणना 2001 के अनुसार राज्य की साक्षरता दर 68.59 प्रतिशत है। पुरुष तथा स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 79.27 तथा 56.31 है।

18. साक्षरता ग्रामीण तथा शहरी

2001 जनगणना के अनुसार जिला में ग्रामिण क्षेत्र में 61.71 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर है। जिनमे 77.95 प्रतिशत पुरुष तथा 42.81 प्रतिशत स्त्रीयां साक्षर है। शहरी क्षेत्र में 78.86 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर है जिनमे 86.42 प्रतिशत पुरुष तथा 69.64 प्रतिशत स्त्रीयां साक्षर है।

जबकि 1991 की जनगणना अनुसार ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर साक्षरता दर क्रमशः 46.12 तथा 73.56 प्रतिशत थी ।

तलिका : जिले की जनसंख्याः जनगणना 2001

जिले साक्षरता दर 2001 जनगणना

| | ग्रामीण | | | शहरी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तहसील /नगर | कुल | पुरुष | स्त्रिया | कुल | पुरुष | स्त्रियां |
| फरीदाबाद | 62.05 | 76.24 | 45.86 | 79.62 | 86.89 | 70.67 |
| बल्लबगढ | 65.35 | 79.96 | 48.25 | 0 | 0 | 0 |
| पलवल | 61.79 | 79.00 | 41.73 | 75.91 | 84.46 | 66.25 |
| होडल | 57.34 | 75.02 | 36.62 | 67.70 | 79.49 | 54.13 |
| कुल | 61.71 | 83.24 | 42.81 | 78.86 | 86.42 | 69.64 |

19. ग्रामीण साक्षरता की दृष्टि में तहसील फरीदाबाद , बल्लबगढ, पलवल, व होड़ल में साक्षरता दर 62.05, 62.35, 61.79, व 57.34, प्रतिशत है । उक्त तहसीलों में पुरुष साक्षरता दर क्रमशः 76. 24, 79.96, 79.00, व 75.02, तथा स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 45.86, 48.25, 41.73, व 36.62 प्रतिशत है।

20. शहरी साक्षरता दर शहरी साक्षरता दर में जिले के 3 नगरों फरीदाबाद,पलवल व होडल में साक्षरता क्रमशः 79.62, 0, 75.91, तथा 67.70 हैं । उक्त नगरों में पुरुष साक्षरता दर क्रमशः 86.89, 0, 84.46, तथा 79.49 है । तथा स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 70.67, 0, 66.25, तथा 54.13 प्रतिशत है।

## वन

### 21. वनों अधीन क्षेत्रफल

वन विभाग के अनुसार जिलें में वर्ष 2008.09**(P)** में लगभग 58 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र वनों के अधीन था जो कुल क्षेत्र फल का 3.31 प्रतिशत है। इस समय जिला में 3 वर्ग कि0मी0 आरक्षित राज्यवन क्षेत्र तथा 19 वर्ग कि0मी0 संरक्षित राज्य वन क्षेत्र में आता हैं।

## कृषि

### 22. भूमि का प्रयोग

वर्षा 2007.08**(P)** में गांव पत्रों के अनुसार जिला फरीदाबाद का कुल क्षेत्र 172 हजार हैक्टेयर है। जिस में से 1.00 प्रतिशत वनों के अधीन, 39.00 प्रतिशत चरागााह, गैरकृषिा प्रयोंजनों इत्यादि में तथा 90.51 प्रतिशत निबल बोये गये क्षेत्र के अधीन रहा

23. वर्ष 2007.08**(P)** कृषि योग्य भूमि 127 हजार है0 है, जबकि निबल बोया गया क्षेत्र 116हजार है0 है जो कृषि योग्य भूमि का 91.34 प्रतिशत है । एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्र 104 हजार है0 है जो निवल बोये गये क्षेत्र का 89.66 प्रतिशत है। वर्ष 2007.08**(P)** में जिला फरीदाबाद में कुल बोया गया क्षेत्र 220 हजार है0 रहा ।

24. तहसील फरीदाबाद, बल्लबगढ़, पलवल, व होडल में निबल बोया क्षेत्र क्रमशः 14.1 हजार, 24.4 हजार, 49.2 हजार, तथा 28.3 हजार है0 है जो कुल निबल क्षेत्र का 126.2, 106.14, 88.21, तथा 63.25 प्रतिशत है ।

25. कृषि जोतें

कृषि गणना 2000.01 के अनुसार जिला फरीदाबाद में कुल 98037 कृषि जोतें कार्यरत थी । इन 98037 जोतों में से 76.41 प्रतिशत जोतें 2 है0 से कम की, 17.60 प्रतिशत 2 से 5 है0 से कम की 4.84 प्रतिशत 5से 10 है0 से कम की 0.99 प्रतिशत 10 से 20 ह0 से कम की व 0.16 प्रतिशत 20है0 तथा उससे उपर की थी ।

26. जिला फरीदाबाद की रबी की मुख्य फसलें गेहूॅं, जौ तथा खरीफ की मुख्य फसलें धान तथा मक्की हैं ।वर्ष 2007–2008(P) में कुल बोये गए क्षेत्र में से 29.2 हजार है0 13.27 प्रतिशत धान के अधीन रहा तथा 47.22 प्रतिशत 103.9 हजार है0 गेहुॅं के अधीन रहा जबकी वर्ष 2006–2007 में कुल बोये गए क्षेत्र का 48.74 प्रतिशत गेहुॅं एवं 12.74 प्रतिशत धान के अधीन था । इसी प्रकार गन्ने का क्षेत्रफल वर्ष 2007–2008(P) में 2.18 प्रतिशत, तेल बीज सूरजमुखी सहित 1.68 प्रतिशत रहा ।

27. मुख्य फसलों का उत्पादन

फसलों के अधिक उत्पादन में प्राकृतिक साधनों जैसे वर्षा, जलवायु तथा भूमि उपजाउ शक्ति का मुख्य योगदान रहा । जिले की मुख्य फसले गेहूं तथा धान है ।

28. वर्ष 2007–2008(P) में गेहूं का उत्पादन 485 हजार टन, चावल का उत्पादन 94 हजार टन था ।गुड़ का उत्पादन 29.0 हजार टन था । चावल की औषत उपज 3227 कि0ग्रा0, गेंहु की 4664 कि0ग्रा0 तथा गुड़ की 5760 कि0ग्रा0 प्रति है0 रही ।

तालिकाः मुख्य फसलों की औषत उपज किलोग्राम प्रति हैक्टेयर

| फसल | 2006–2007 | 2007.08 | 2008.09 |
|---|---|---|---|
| गेहूॅं | 3649 | 3706 | 4664 |
| चावल | 2701 | 3113 | 3227 |
| मक्की | .. | .. | .. |
| गुड़ | 4865 | 5332 | 5760 |

29. अधिक उपजाऊ किस्में

जिला फरीदाबाद गेहूं तथा धान की अधिक उपजाउ किस्मों के बिजों का प्रयोग हो रहा है । वर्ष 2007–2008(P) में गेहूं के अधीन 98.2 प्रतिशत तथा धान के अधीन 71.9 प्रतिशत क्षेत्र में अधिक उपजाउ बीजों का प्रयोग हो रहा है ।

30. वर्ष 2008–2009 में जिला फरीदाबाद में 479951 टन गेहूं तथा 63151टन धान की सरकारी एजेंन्सियों द्वारा खरीद की गयी ।

31. रासायनिक खाद का वितरण

वर्ष 2008–2009 कुल खाद का उपयोग 84209 टन रहा । उपयोग में नाईट्रोजन 61167टन तथा फासफोरस 22195 टन रहा जबकि पोटास का उपयोग केवल 847टन रहा ।

32. पौधों की सुरक्षा के उपाय

वर्ष 2008–09 **(P)** में 220.0टन कीटनाशक दवाओं का उपयोग किया गया जो मुख्यत गेहॅू तथा धान की फसलों के अधीन क्षेत्र में किया गया ।

33. कृषि यन्त्र तथा उपकरण

पशु गणना 2003 के अनुसार जिले में उपयोग किए गए कृषि यन्त्र तथा उपकरणों में ट्क्टरो की संख्या 12719 थी । कम्बाईन हारवेस्टर की संख्या 3111थी जिसमे से 75कम्बाईन हारवेस्टर ट्क्टर चलित कम्बाईन हारवेस्टर थे। वर्ष 2003–04में जिला फरीदाबाद में 12846 चार पहियों वाले टै्क्टर कृषि में कार्य में प्रयोगरत रहे ।

34. कृषि उपज बिक्री संग्रहण

वर्ष 2008–09 में फरीदाबाद में कृषि उपज की पूर्ति के लिये 5 मार्किट कमेटियों तथा 4 सबयार्डस द्वारा बिक्री एवम् खरीद करवाई गई । जिसमें मुख्य आमद जीरी, गेहूं, सरसों तथा आलू की फसल रही इन सभी मण्डियों में 75250 टन कुल कृषि उत्पादन की आमद रही जब कि 2007–2008 में कुल कृषि उत्पादन की आमद 49810 टन थी ।

35. वर्षा 2008–2009 दौरान इन सभी मण्डियों में गेहूं की आमद 3024 टन, धान की आमद 1351 टन, आलू की आमद 6120 टन रही । सरसों, तारिया तथा तारामीरा की आमद 38 टन तथा बाजरा की 2240 टन रही ।

तालिकाः जिला फरीदाबाद में कृषि उत्पादन की आमद ' 00 ' टनों में

| फसल | 2005–2006 | 2006–2007 | 2007–2008 |
|---|---|---|---|
| गेहॅू | 2877 | 682 | 3024 |
| धान | 1953 | 1571 | 1351 |
| आलू | 197 | 509 | 612 |
| बाजरा | 64 | 73 | 224 |
| सरसों | 45 | 69 | 38 |
| अन्य | 198 | 223 | 604 |
| कुल | 5334 | 3127 | 5853 |

36. इन मण्डियों में किसानों के रात को ठहरने के लिये किसान विश्राम गृह है तथा इसके अतिरिक्त पीने के पानी, पशुशाला इत्यादि सुविधाये भी प्रदान की जाती है ।

37. जिला फरीदाबाद में वर्ष 2008–2009 में सरकारी गोदामों की क्षमता 23500 टन थी ।

## 38. समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम

जिला ग्रामीण विकास एजैन्सी फरीदाबाद के अक्तुबर 1979 से अपनी स्थापना से ही ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी से अभिशाप को समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास रहें हैं और इस दिशा में इसे न केवल शत प्रतिशत भौतिक एवं आर्थिक लक्ष्य प्राप्त करने का श्रेय है। बल्कि यह गरीब ग्रामीण परिवारों के आर्थिक स्तर में वास्तविक वृद्धि लाने में सफल रही है। अब इस दिशा में और कारगर रूप से सक्रीय है। एजैन्सी का यह दृढ़ संकल्प है कि यह जिला के हर परिवार को इतनी आर्थिक सहायता प्रदान करवा दे कि वह सदा के लिये गरीबी रेखा को पारकर ले । वर्ष 2008...2009 में ग्रामिण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 1220 गरीब परिवारों को ऋण के रूप में अनुदान वितरित किया गया। इन लाभान्वित परिवारों में से 735 परिवार अनुसूचित जातियों से सम्बधित हे। अतः कुल लाभन्वित परिवारों में से 60.25 प्रतिशत अनुसूचित जातियों से सम्बधित थे । इन लाभन्वित परिवारों में 1011 महिलायें थी ।

## 39. भूमि विकास कार्यक्रम

जिला फरीदाबाद में वर्ष 2003–2004 के दौरान भूमि विकास के लिए 1290 मी0 टन जिप्सम का वितरण किया गया, 258 है0 भूमि का सूधार किया गया । तथा 11 लाभकर्ताओं की 13 है0 भूमि में पक्की नालियां बनवाई गई । इस स्कीम में 4.02 लाख रूपये व्यय किये गये ।

# सिंचाई

## 40. सिंचाई के साधन

सिंचाई में वर्ष 2007–2008(P) में निबल सिंचित क्षेत्र 105 है0 था जो कि बोये गये निबल क्षेत्र का 90.51 प्रतिशत था। स्त्रोतानुसार सिंचाई के क्षेत्र में 90.00 प्रतिशत नलकूपों व अन्य साधनों से तथा 15.00 प्रतिशत नहरों का योगदान रहा । नलकूपों द्वारा कुल 90000है0 तथा नहरों द्वारा 15000 है0 भूमि की सिंचाई की गई ।

## 42.फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र

वर्ष 2007–2008(P) में फसल अनुसार कुल बोया गया क्षेत्र 206 हजार है0 था जो शतप्रतिशत सिंचित था । फसलानुसार सिंचित क्षेत्र की स्थिति इस प्रकार रही गेहूं के अधीन 50.49 प्रतिशत धान के अधीन 14.56 प्रतिशत गन्ने के अधीन 2.43 प्रतिशत, मक्की के अधीन 0.0प्रतिशत तेल बीजों एवं खाद्य अखाद्य फसलों के अधीन 17.48प्रतिशत रहा ।

तलिकाः जिला फरीदाबाद में सिंचित क्षेत्र की स्थिति '000है0' में

| | 2005–2006 | 2006–2007 | 2007–2008 |
|---|---|---|---|
| गेहूँ | 104 | 105 | 104 |
| धान | 26 | 27 | 30 |
| गन्ना | 5 | 5 | 5 |
| मक्की | / | / | / |
| तेजबीज व अन्य फसलें | 40 | 38 | 36 |
| कुल | 175 | 175 | 175 |

43. सिंचाई की सघनता

वर्ष 2007–2008(P) में जिला फरीदाबाद में कुल सिंचित क्षेत्र 206 हजार है0 तथा निबल सिंचित क्षेत्र 105 हजार है0 था जिस के अनुसार सिंचाई की सघनता 196.2 प्रतिशत रही ।

44. नलकूप / पम्पिंगसैट

वर्ष 2087–2009 में कुल नलकुपों तथा पम्पिंग सैटों की संख्या 34234 है।

45. बाढ.

जिला फरीदाबाद में वर्ष के दौरान जमुना नदी में अति बहाव हो जाने के कारण बाढ़ से प्रभावित हो जाता है, जबकि वर्ष 2002–2003 में यह जिला बाढ़ से प्रभावहीन रहा।

## पशु पालन तथा डेरी

46. पशुपालन

वर्ष 2003. की पशु गणना के अनुसार जिला फरीदाबाद में पशुधन की संख्या 545000तथा कुकुट संख्या 83900 थी । 2003 में कुल पशुधन में से 9.71प्रतिशत गाय व बैल 75.71 प्रतिशत भैसें 8.18 प्रतिशत भेंड़ बकरी, 2.8 प्रतिशत घोड़ें तथा खच्चर तथा 6.13 प्रतिशत उंट, सूअर तथा कुत्ते थे ।

47. जिला फरीदाबाद में 2003 की पशुगणना के आधार पर प्रति हजार मनुष्यों के पीछे पशु संख्या 24 थी । भैसें 188 घोडें तथा खच्चर 0.5, गधें भेड़ें 9, बकरियां 11, तथा कुकुटादि 86 थी ।

48. पशु चिकित्सा सेवायें

वर्ष 2008–2009 में जिले में पशु चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के लिये 30 पशु चिकित्सालय, 112 पशु चिकित्सा डिस्पैंनसरियां, 0 क्षेत्रिय कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, 0 स्टाक मैन केन्द्र तथा 3 कुक्कुटादि विस्तार केन्द्र व एक सुअर केन्द्र कार्यरत थे ।

49. सभी संस्थाओं द्वारा वर्ष 2008–2009 में 155000 पशुओं का इलाज किया गया, वर्ष के दौरान 22000 गाय तथा 73000 भैसों का कृत्रिम गर्भाधान करवाया गया। जिला फरीदाबाद में सघन पशुधन विकास परियोजना अन्तर्गत एक मध्यम आकार की प्ररियोजना कार्य कर रही है, जिसके अन्तर्गत वीर्य बैंक है। जिले में 2008–2009 में 8 विकसित गौशाला थी तथा गौशाला संघ से सम्बन्धित गौशालाओं की संख्या 8 थी ।

50. डेरी दुग्ध उत्पादन

दुग्ध उत्पादन कृषको के लिये अतिरिक्त आय का एक मुख्य साधन है। 2003 की पशु गणनानुसार कुल पशुधन अर्थात 545000 में से 154500 दुधारू पशु थे ।

51. जिला फरीदाबाद में तीन दुग्ध संयत्र लगे हुए है जिनमें सें एक–एक बल्लबगढ़, होडल, व पलवल में स्थित है। इन संयन्त्रों में वर्ष के दौरान दूध, घी इत्यादि का उत्पादन किया जाता है।

## मछली पालन

52. वर्ष 2087–2009 में मछली पालन से कुल 144.240 लाख रुपये की आय हुई तथा वर्ष के दौरान 500 लाईसैस जारी किये गये ।

53. मछली पालन के लिए कुल 903 है0 भूमि को प्रयोग में लाया गया। 4808 टन विभिन्न प्रकार की मछली का विपणन हुआ ।

54. वर्ष 2008–2009 में किसानों को प्रचुर मात्रा में मछली के बीजों का वितरण किया गया ।

## विद्युत

### 55. विद्युतीकरण 'शहरी/गांव'

जिले के सभी गांवों व शहरों का विद्युतीकरण हो चुका है।

### 56. नलकूप

जिले में वर्ष 2008–2009 में विद्युत सर्कल में विद्युतिकृत नलकूपों की संख्या 19344 थी जिसमें 17662 कृषि तथा 1682 जलापूर्ति तथा सिवरेज के नलकूप थे ।

### 57. विभिन्न परियोजनाओं में विद्युत का उपयोग

फरीदाबाद सर्कल में वर्ष 2008–2009 में 9816कि0मी0 एल0टी0 लाईने, 4768 कि0मी0 11 के0वी0 लाईने तथा 12422 ट्रांस्फार्मर थे । इस प्रकार जिला फरीदाबाद में संयोजनों की संख्या 452399 हो गई है। कुल संयोजनों में 80.18 प्रतिशत घरेलु, 9.49 प्रतिशत वाणिज्य, 4.23 प्रतिशत औद्यौगिक, 3.90 प्रतिशत कृषि तथा शेष 2.16 प्रतिशत अन्य उपयोगों के लिये थे ।

58. जिले में बिजली उत्पादन होता है।

## खनिज पदार्थ तथा उद्योग

### 59. खनिज उत्पादन

जिले में खनिज पदार्थ काफी मात्रा में पाया जाता है। 'केओलिन प्राक्रतिक' तथा पत्थर रेत इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण खनिज पदार्थ है जो भवन निर्माण, सड़क आदि के काम आता है।

### 60. लघु उधौग युनिट

वर्ष 2008.09 में जिला फरीदाबाद में कुल 2662 रजिस्टर्ड फैक्टरियां कार्यरत थी।

61. इन 2662 रजिस्टर्ड फैक्टरियों में 2413 फैक्टरियां 2 एम(I) 8 फैक्टरी 2 एम(II) के अधीन तथा 241 फैक्टरियां धारा 85 के अधीन रजिस्टर्ड थी जिन में अनुमानित 200037 कार्यकर्ता कार्य कर रहे थे, जो राज्य के कुल फैक्टरियों के कार्यकर्ताओं का 28.50 प्रतिशत है।

62. बड़े तथा मध्यम स्तरीय उद्योग युनिट

जिले में निम्नलिखित बड़े तथा मध्यम स्तर के उद्योग स्थित है।

1. पलवल को0 ओपरेटिव सूगर मिल लि0, पलवल
2. एसकोर्ट जे0 सी0 बी0
3. एसकोर्ट ट्रैक्टर फारमैटिक डिविजन
4. मिल्क यूनियन बल्लबगढ़
5. याहामा मोटर इण्डिया प्रा0लि0
6. औरियंन्ट, व खैतान फैनज
7. लखानी शूज
8. वरलपूल
9. हिन्दुस्तान सिरिंज एण्ड मैडिकल
10. गोर्वनमेन्टस आफ इण्डिया प्रैस

## सड़क तथा परिवहन

63. सड़को की लम्बाई

लोक निर्माण विभाग 'भवन तथा सड़के ' द्वारा सारा साल सड़को की देखभाल की जाती है। साल 2008–2009**(P)**जिले में 600 कि0 मी0 पक्की सड़के थी तथा जिले के सभी गांव सड़को से जुड़े हुए हैं।

64. रेलवे स्टेशन एवं हरियाणा परिवहन बस स्टैण्डों की संख्या

प्रायः जिलें के सभी गांव पक्की सड़को से जुड़ें हुए हैं वर्ष 2007–2008में हरियाणा परिवहन फरीदाबाद द्वारा निर्मित 4बस स्टैण्ड तथा 2 'ए' लाइट बस क्यू शलटर सेवाऐ प्रदान कर रहें थे । जिले में 8 रेलवे स्टैशन है और रेलवे लाईन की लम्बाई लगभग 75 कि0मी0 है।

65. राज्य परिवहन

जिले में हरियाणा राज्य परिवहन का एक डिपो है तथा एकसब डिपो है। जिसमें 210 बसें जिले के भीतर व राज्य तथा अन्तर्राज्य रूटों पर चलाई जा रही है। इन बसों द्वारा 2008–2009 में 237.94 लाख कि0मी0 दूरी तय की गई जिस से **(-)949-82** लाख रू0 लाभ हुआ है। इन बसों से प्रतिदिन औषत 47318 यात्रियों द्वारा यात्रा की गई।

66. सड़क दुर्घटनायें

2008–2009 में 1338 दुर्घटनाये घटी जिसमें 1338 गाडियां दुर्घटना ग्रस्त हुई । इन दुघर्टनाओं में 533 व्यक्ति मारे गयें तथा 1213 व्यक्ति घायल हुए ।

## संचार

67. डाकघर व तारघर

2007–2008 में जिले में 126 डाकघर तथा 1 तारघर कार्य कर रहे थे । प्रति लाख व्यक्ति के पीछे 5 डाकघर कार्य कर रहे थे। इसके अतिरिक्त जनता की सुविधा के लिये 654 लेटरबांक्स की सेवाये प्रदान की गई।

68.दूरभाष केन्द्र

2005–2006 में जिला फरीदाबाद में 40436 दुरभाष कार्य कर रहे थे जो 44 दूरभाष केन्द्रों से जुड़े हुये है।

## श्रम तथा रोजगार

69. औद्यौगिक झगड़े

वर्ष 2008 के दौरान जिला फरीदाबाद में 2456 औद्यौगिक झगड़े रिपोर्ट किए गये , तालाबन्दियों की संख्या 2 रही जिन में 51 श्रमिक शमिल हुए व 5263 दिन नष्ट हुए । जिले में 2008 में श्रमिक संघ अधिनियम 1926 के अधीन रजिस्टर्ड संधों की संख्या 358 है।

70.रोजगार केन्द्र

जिलें में 31 मार्च 2008.09**(P)** को 113979 व्यक्ति संगठित क्षेत्र में रोजगार में थे जिनमे से 35813 व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र में तथा 78166 व्यक्ति निजि क्षेत्र में लगे हुए थे।

71. जिले में 5 रोजगार कार्यालय एवं एक व्यवसायिक मार्गदर्शन हेतु सूचना केन्द्र है। इन रोजगार कार्यालयों में वर्ष 2008.09 के दौरान 16674व्यक्तियों द्वारा रोजगार हेतु पंजीकरण करवाया गया जिससे कुल पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों संख्या 75775 हो गई । इन रोजगार केन्द्रों से 69 नियोंजकों द्वारा सेवाऐं ली गयी तथा कुल 981 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया।

72. जिले में वर्ष 2008.के दौरान 27972 दुकानों में 34871 कर्मचारी 1201 वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में 7386 कर्मचारी 80 होटल तथा जलपान गृहों में 1321 कर्मचारी कार्यरत रहे।

73. मजदुरी की औषत दैनिक आय

वर्ष 2009 के दौरान जिला में कुशल कार्यकर्ताओ जैसे बढ़ई और लुहार की दैनिक मजदुरी 250.00 रु0 थी, हल चलाने वाले कृषि श्रमिक की दैनिक मजदुरी 170 रू0, बिजाई के लिए 160 रू0 गोडाई के लिए 170.00 रू0, कटाई व अन्य कृषि कार्य के लिए मजदुरी की दर 160.00 रू0 प्रतिदिन रही।

## सहकारिता

74. सहकारिता वर्ष 2008..09 में जिले में 4297 सहकारी समितियां थी, जिनसे सदस्यों की संख्या 316300 थी।

75. वर्ष 2008–09 के दौरान इन सहकारी समीतियों में 37.65 करोड़ रुपये हिस्सा पूंजी, 77.90

करोड़ रुपये अन्य निजी पूंजी थी जबकी कार्यपूंजी 1343.96 करोड़ रही । इस प्रकार वर्तमान सीमा अनुसार जनसंख्या के आधर पर प्रति व्यक्ति औसत कार्यपूंजी 6751 रुपये थी ।

76. प्रति लाख व्यक्तियों पर समीतियों की संख्या 196 थी जबकी प्रति हजार जनसंख्या पर सब प्रकार की समीतियों के सदस्यो की संख्या 144 थी ।

77. सभी सहकारी समीतियों एंव बैंको में से एक केन्द्रीय सहकारी बैंक , 30 कृषि ऋण , 54 गैरकृषि, 1 प्राथमिकता भूमि विकास बैंक , 1 विपणन, 158 दुग्ध पूर्ति, 3उपभोगता समीतियों, 0खेती समीतिया 1,7 बुनकर समितियां, 3934 आवास समितियां, तथा शेष 98 अन्य प्रकार की समितियां थी ।

78. वर्ष 2008–2009 जिला फरीदाबाद में एक ही सहकारी बैंक था , जिसकी 32 अन्य शाखाएं थी । इनमें हिस्सा पूंजी 1179.00 लाख रुपये जबकी कार्य पूंजी 49495.00 लाख रुपये रही । वर्ष के दौरान इस बैंक द्वारा दिया गया कर्जा 24948.00 लाख रुपये था तथा इसके द्वारा 140.00 लाख रुपये का लाभ कमाया गया ।

79. वर्ष 2008..09 जिला में 1 प्राथमिक भूमि विकास बैंक था जिसमें हिस्सा पूंजी 702.32लाख रुपये , निजि पूंजी 917.95 लाख रुपये` जबकी कार्य पूंजी 26657.30 लाख रुपये थी । वर्ष के दौरान इन बैंक द्वारा दिया गया कर्जा 4789.11 लाख रुपये था जिसमं 4270.11 लाख रुपये का कर्जा भूमि सुधार हेतु दिया गया ।

तालिकाः जिला फरीदाबाद में केन्द्रीय सहकारी बैंक

| | 2005–06 | 2006–07 | 2008–2009 |
|---|---|---|---|
| शखाओं की संख्या | 23 | 23 | 32 |
| हिस्सा पूंजी.लाखों में. | 983.00 | 983.00 | 1179.00 |
| निजी पूंजी.लाखों में. | 4651.00 | 4651.00 | 3782.00 |
| कार्य पूंजी.लाखों में. | 43717.00 | 43717.00 | 49495.00 |
| जमा राशि.लाखों में. | 21349.00 | 19846.00 | 20706.00 |
| वर्ष के दौरान दिया गया कर्जा. लाखों में. | 32307.00 | 34437.00 | 24948.00 |
| लाभ .लाखों में. | 104.00 | 133.00 | 140.00 |

80. जिला फरीदाबाद में वर्ष 2008–2009में 198 अनुसूचित वाणिज्य बैंक के कार्यालय थे , जिनमे से 40 प्रतिशत ग्रामीण तथा 60 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में थे ।

81. प्रति बैंक ब्रांच द्वारा 156129 व्यक्तियों को सेवायें प्रदान की गई ।

82. 31 मार्च 2009 तक 10878.00 करोड़ रुपये जिला फरीदाबाद में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में जमा थे जिसमे से 6827.00 करोड़ रुपये ऋण के रुप में दिये गये, इस प्रकार ऋण व जमा अनुपात 123.23 था ।

83. सबसे अधिक ऋण कृषि एवं सम्बंन्धित कार्यो के लिये प्रदान किये गये । प्रति व्यक्ति जमा धन राशि 30638 रुपये थी ।

# शिक्षा

## 84. विधालय तथा महाविधालय

जिला फरीदाबाद में वर्ष 2007.08 के दौरान 551 प्राथमिक, 401 माध्यमिक तथा 663 उच्च वरिष्ठ माध्यमिक मान्यता प्राप्त विद्यालय ग्रामिण तथा शहरी क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान कर रहे थे। इन प्राथमिक,माध्यमिक तथा उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक मान्यता प्राप्त विद्यालयों में क्रमशः 2738, 1443, 8088 अध्यापक कार्यरत थे।इस प्रकार जिला में इन विद्यालयों में कुल 12269 अध्यापक कार्यरत थे।

85.

वर्ष 2007–08 के दौरान 474789 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। जिनमे से 287110/60.47 प्रतिशत विद्यार्थी प्राथमिक / पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में 63358 /13.34 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों में तथा शेष 124321 में 26.18 प्रतिशत विद्यार्थी उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों शिक्षा ग्रहण कर रहे थे ं।

86.

वर्ष 2007–2008 जिला फरीदाबाद में अनुसूचित जाति के कुल 97211 विद्यार्थियों ने मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की जो कुल विद्यार्थियों का 20.47 प्रतिशत है । इन में 51508, /10.84 प्रतिशत विद्यार्थी प्राथमिक / पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में 8154 /1.72 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों में तथा शेष 37549,/ 7.91 प्रतिशत विद्यार्थी उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे ।

तलिकाः मान्यता प्राप्त विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या

| | कुल विद्यार्थी | | | अनुसूचित जाति के विद्यार्थी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | छात्र | छात्राऐं | कुल | छात्र | छात्राऐं |
| प्रथमिक | 287110 | 151080 | 136030 | 51508 | 25526 | 25982 |
| माध्यमिक | 63358 | 35530 | 27828 | 8154 | 5781 | 2373 |
| उच्चएवं वरिष्ठ | 124321 | 77425 | 46896 | 37549 | 18244 | 19305 |
| जोड़ | 474789 | 264035 | 210754 | 97211 | 49551 | 47660 |

87. जिला फरीदाबाद में प्रति अध्यापक विद्यार्थियों का अनुपात लगभग 108 प्राथमिक, 32 माध्यमिक तथा 36 उच्च एवं 15 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का था ।

88. इसके अतिरिक्त प्र्राईमरी शिक्षा के लिये समेंकेतिक बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत फरीदाबाद , बल्लबगढ, पलवल, औंर होडल ब्लाक में 1170 आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यरत थे ।

89. जिला फरीदाबाद में वर्ष 2007–2008 में 11 कला एवं विज्ञान महाविधालयों में 12964 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे जिसमें 1087 विद्यार्थी अनुसूचित जाति से सम्बन्धित थे ।

90. अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम

व्यवसायिक शिक्षा के लिए जिला में 8 इन्जिनियरिंग महाविधालय एवं एक प्रशिक्षण महाविद्यालय भी कार्यरत था जिसमे क्रमशः 3669 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे जिसमें 362अनुसूचित जाति के विद्यार्थी थे ।

91. उपरोक्त के अतिरिक्त जिला फरीदाबाद में 6 औद्यौगिक प्राक्षिण संस्थान प्रशिक्षण, 3 राजकीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान तथा एक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भी कार्य कर रहे थे जिनमें कुल 1460 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। इनमें 201 विद्यार्थी अनुसूचित जाति से सम्बन्धित थे ।

92. इन्जिनियरिंग कालेज

क्षेत्रीय इन्जिनियरिंग कालेज फरीदाबाद में वर्ष 2005–2006में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की क्षमता 2160 प्रशिक्षण रही जिसमें यांत्रिक, विद्युत, इलैक्ट्रोनिक्स और कम्यूनिकेशन, कम्पूटर इन्जिनियरिंग, एम0सी0ए0 तथा अन्य में क्रमशः 540, 240, 690 510तथा अन्य में 180 के लिए प्रवेश क्षमता रही ।

## चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य

93. वर्ष 2008–2009में जिला फरीदाबाद में राज्य सरकार तथा प्राइवेट संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार की ऐलोपैथी संस्थाओं जिसमें 140 राज्य सरकार द्वारा तथा 24 अन्य सहायता प्राप्त संस्थाओं द्वारा चिकित्सा सेवाऐं प्रदान की गयी । इन संस्थाओं में 5 अस्पताल, 19 प्राथमिक स्वास्थ्य कें जिनमें 18 ग्रमिण क्षेत्र तथा एक शहरी क्षेत्र में 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 31 डिस्पैंसरी तथा 106 उप केन्द्र कार्यरत थे। इसके अतिरिक्त जिला में 16 आर्युवैदिक व 2 युनानी, डिस्पैसरी भी चिकित्सा सुविधाये प्रदान कर रही है। जिला में विशेष चिकित्सा के लिये एक क्षय रोग केन्द्र अन्तरंग तथा बाहय् रोगियों को भी चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है।

94. वर्ष 2008–2009में सरकारी संस्था द्वारा 1357492 रोगियों को चिकित्सा सेवायें प्रदान की गई। तथा सरकारी संस्था में 774 बिस्तर उपलब्ध थे। प्रत्येक एक लाख आबादी के लिये 38 रोगी बिस्तर उपलब्ध थे।

95. वर्ष 2087..09में जिला में कुल जन्मों की संख्या 57349 थी जिनमें 20240ग्रामीण तथा 37109 शहरी क्षेत्र में जन्म हुए । इस साल मोतों की संख्या 10501 रही जिसकी संख्या ग्रामीण क्षेत्र में 4510 तथा शहरी क्षेत्र में 5991 थी जिनमें सें 199 मौते एक वर्ष से कम उम्र की हुई।

96. परिवार कल्याण प्रोगाम

वर्ष 2008–2009 में जिला फरीदाबाद में 8 परिवार कल्याण केन्द्र कार्यरत थे वर्ष 2008–2009 में नसबन्दी के कुल 7896 केसिज किए गये थे। वर्ष के दौरान आई0यु0डी0 प्रयोग करने वाली महिलाओं की संख्या 17344 थी।

97. सुरक्षित पेयजल

जिला फरीदाबाद में पेय जल परियोजना में अधीन जिलें सभी गांवों कें पेयजल सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

## कल्याण विभाग ' अनुसूचित जातियों व पिछड़े वर्ग '

98. कमजोर वर्ग अनुसूचित जाति के कल्याण के लिये विशेष कार्यक्रम जैसे मकान बनाने के लिये अनुदान मैट्रिक के उपर के विद्यार्थियों को छात्रवृति, पुस्तको एवं लेखन सामग्री खरीदने हेतू बिना ब्याज के ऋण की स्कीम वन्द इो गई है।

99. वर्ष 2008–2009में मकान अनुदान योजना अनुसूचित /विमुक्त जाति के अर्न्तगत किसी को राषि नही दी गई । इस स्कीम में उन व्यक्तियों को जिनके पास कच्चा मकान हो व 50 वर्ग गज का प्लाट हो व BPL सूचि में नाम हो उन्हें 50000 रू0 का अनुदान देने का प्रावधान है। वह मकान की मरम्मत के लिए 10000 प्रतिएक को दिया जाता है।

100. कानुनी सहायता के अर्न्तगत वर्ष केदौरान इस स्कीम के अर्न्तगत अनुसूचित/विमुक्त जाति के किसी भी व्यक्ति का जिसका स्वर्ण जाति के व्यक्ति के साथ न्यायालय में मुकद्मा चल रहा हो उसकी पैरवी हेतू बतौर वकील की फीस अनुदान दिया जाता है । रिपोर्ट शुन्य है।

101. वर्ष 2008–09 विद्यार्थी कर्जा योजना बन्द हो गई है लेकिन डा0 अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना अनुसूचित जाति व पिछडे वर्ग की छात्र चालू की गई है । जिसमें प्रथम श्रेणी प्राप्त करनी आवष्यक होती है । योग्यता के आधार पर छात्रों का चयन किया जाता है । वर्ष के दौरान 325 छात्रों कारे 10 हजार रू0 प्रति छात्र की दर से 3250000 रू0 दिऐ गऐ ।

इन्दरा गॉधी प्रिय र्दषनी विवाह षगुन योजना वर्ष 2008–09 में अनुसूचित जाति पिछडा वर्ग स्वर्ण जाति के व्यक्यिों को जिनकी कुल संख्या 465 है और कन्यादान राषि 6343500 दी गई है ।

102. o " kZ 2008–09 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अर्न्तगत वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति विमुक्त जाति के पिछडे वर्ग के 1016 छात्रों को 17499336 रूपये की राशि वितरित की गई।

103. वृद्धावस्था एवं अन्य पैंशन

वर्ष 2008–2009 जिला में ताऊ देवीलाल वृद्धावस्था पैंशन के अर्न्तगत 54085वृद्वों के 500 रूपये प्रति मास की दर कुल 19.72 करोड़ रूपये तथा 6767 विकलांग व्यक्तियों को 3.29 करोड़ रूपये की राशि पैंशन के रूप में वितरित की गई । तथा 32770 विद्यवाओं को 13.62 करोड़ रूपये की राशि पेंशन के रूप में वितरित की ।

# विविध

## 104. नगरपालिकाएं

जिले में नगरपालिकाओं का आय–व्यय का विवरण निम्न प्रकार था ।

'(रूपये 000 में) '

| नगर निगम /जनसंख्या<br>नगर परिषद्व/ 2001<br>नगर पालिका | | लेखा<br>2004–2005<br>आय | व्यय | लेखा<br>2005–2006<br>आय | व्यय | लेखा<br>2006–2007<br>आय | व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| फरीदाबाद | 1062307 | 1053042 | 996456 | 1349600 | 1245200 | 18013 | 16773 |
| पलवल | 100722 | 29240 | 29144 | 36066 | 32670 | 75400 | 72677 |
| होडल | 38309 | 8263 | 7638 | 24938 | 14500 | 7638 | 7951 |
| हसनपुर | 9090 | – | – | – | – | – | – |
| कुल | 1210428 | 1090545 | 1033238 | 1410604 | 1292370 | 101051 | 97401 |

## 105.जिला राजस्व

जिला राजस्व में वर्ष 2008–2009 में निम्नलिखित साधनों में राजस्व की प्राप्ती हुई । हरियाणा सामन्य बिक्री कर सें 14700.00 लाख रूपये, केन्द्रीय बिक्री कर से 3250.00 लाख रूपये, मनोरंजन कर से 507.69 लाख रूपये तथा शौ कर से 0.00 लाख रूपये की आय हुई। जब कि गत वर्ष में हरियाणा सामन्य बिक्री कर से 92966.32 लाख, केन्द्रीय बिक्री कर से 33862.43 लाख, मनोरंजन कर से 268.60 लाख तथा शौ कर से 00.00 लाख रूपये की आय हुई थी।

## 106. रजिस्ट्रीकरण

वर्ष 2006–2007**(P)** जिला फरीदाबाद में रजिस्ट्री कार्योलयों की संख्या 4 थी जिनमें 53004 अनिवार्य अचल सम्पतियों की रजिस्ट्री हुई । इन अन्तरित सम्पतियों का मूल्य 32720.98 लाख रूपये था । इन से सरकार को 508.73 लाख रूपयें की आय हुई। जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में रजिस्ट्री का कार्य कम्पयूटराईजड़ है ।

## 107. पुलिस तथा अपराधे

वर्ष 2008 में जिले में 25 पुलिस स्टेशन तथा 51 पुलिस चौकियां कार्यरत थी। जिलें इस वर्ष के दौरान 4516 अपराध हुए जिनमें से 59 हत्या, 32 लूट के 276 केस सेंध चोरी तथा 2939 केस विविध अपराधों से सम्बन्धित थे। जबकि गत वर्ष कुल 6190 विभिन्न प्रकार के अपराध हुए।

## 108. हरियाणा सरकार के क्रमचारी

जिले मे 31 मार्च 2008 को हरियाणा सरकार अधीन कार्यालयों में 18250 कर्मचारी कार्यरत थे। जिनमें 13633 पुरूष तथा 4617 महिलाएं थी। जिले में 2343अनुसूचित जाति के तथा 2540 पिछड़े वर्ग के कर्मचारी थे।

तालिकाः– जिला फरीदाबाद में हरियाणा सरकार के कर्मचारी '31.3.2008'

| | कुल | | अनुसूचित जाति | | पिछड़ा वर्ग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | स्त्रियां | पुरुष | स्त्रियां | पुरुष | स्त्रियां |
| वर्ग 1 | 154 | 28 | 20 | 6 | 2 | 2 |
| वर्ग 2 | 453 | 230 | 26 | 14 | 34 | 15 |
| वर्ग 3 | 9124 | 2179 | 957 | 182 | 1476 | 134 |
| वर्ग 4 | 3052 | 412 | 579 | 123 | 396 | 76 |
| तदर्थ | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| फुटकर | 849 | 1766 | 96 | 339 | 126 | 279 |
| कुल | 13633 | 4617 | 1679 | 664 | 2034 | 506 |

109. मनोरंजन

जिला फरीदाबाद एक एतिहासिक औद्यौगिक नगरी के साथ–साथ सूरज कुंड, बडखल फरीदाबाद में एवं होडल में डबचिक भ्रमाणार्थियों के 8 प्रर्यटन स्थल हैं। जिसमें प्रर्यटको की सख्यॉ 1941799 रही। जिले में 10 सिनेमा घर है। प्रति 182.77 हजार व्यक्तियों पर एक सिनेमाघर उपलब्ध है। एक धार्मिक युमना नदी भी बहती है।

110. टेलिविजन सैट

जिलें में वर्ष के दौरान 15 टेलिविजन सैट सामुदायिक टेलिविजन लगाने की परियोजना के अर्न्तगत लगाए गये।

111. बचत

वर्ष 2008–2009 में जिले फरीदाबाद में **(–1915)** हजार रूपये के किसान प्रत्र **(–3818)** हजार रूपये के मासिक आय योजना , **(–1052)** हजार रूपये 6 वर्षिय राष्ट्य बचत प्रमाण प्रत्र में जमा किये गये। इस प्रकार जिले में 2008–2009 अधीन विभिन्न बचतों में **(–6789)** हजार रू0 की निविल राशि जमा की गई।

112. विकेन्द्रीयकरण योजना

जिला फरीदाबाद में इस योजना के अर्न्तगत 2008–2009 में 748.00 लाख रू0 की राशि जिले के विभिन्न विकास कार्यो के लिए जारी किए गए।

113. खेलकूद

जिले में खेलकूद एवं टुर्नामेंट हेतू दयालपुर एवं मिंडकोला में खेल के मैदान खेलों एवं टुर्नामेंटस में योगदान देते रहे है। फरीदाबाद में एक नाहरसिंह स्टेडियम एवं सै. 12 में अर्न्तराष्टीय स्तर का स्टेडियम है।

114. स्वीमिंग पूल

जिले फरीदाबाद में ही सै. 12 में एक आधुनिक स्तर को स्वीमिंगपूल है। जिसके अन्दर सारी सुविधाऐं है ।

115. चुनाव एवं मतदाता

2008–2009 के दौरान जिला फरीदाबाद मे मतदाताओं की कुल संख्या 795468 जो 6 विधान सभा क्षेत्र क्रमश :फरीदाबाद एन आई टी , फरीदाबाद, बडखल, बल्लबगढ़, पृथला, तथा तिगांव में विभाजित है। लोक सभा हल्का, फरीदाबाद के अर्न्तगत 9 विधान सभा क्षेत्र आते है जिनमें से 3 जिला पलवल में पलवल,,होडल तथा हथीन  है।

# परिशिष्ठ–3

## जिला एक दृष्टि में

<u>चुने हुए सूचकांक</u>

| | |
|---|---|
| 1. जनसंख्या का घनत्व प्रति वर्ग कि0मी0 2001 | 1111 |
| 2. कुल जनसंख्या पर ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता 2001 | 39.20 |
| 3. कुल जनसंख्या पर श्रहरी जनसंख्या काी प्रतिशतता 2001 | 60.80 |
| 4. कुल जनसंख्या पर 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या काी प्रतिशतता 2001 | 17.07 |
| 5. कुल जनसंख्या में लिंगानुपात 2001 | 836 |
| 6. ग्रामीण जनसंख्या में लिंगानुपात 2001 | 855 |
| 7. शहरी जनसंख्या में लिंगानुपात 2001 | 824 |
| 8. 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या में लिंगानुपात 2001 | 845 |
| 9. साश्ररता 2001 | |
| पुरुष | 83.24 |
| स्त्रियां | 59.27 |
| कुल | 72.34 |
| 10. कुल बोये गये क्षेत्र की कुल क्षेत्र से प्रतिशतता 2007–2008**(P)** | 78.22 |
| 11. एक बार से अधिक बोये गये क्षेत्र की कुल बोये गये क्षेत्र से प्रतिशतता 2007–2008 **(P)** | 89.6 |
| 12.कुल बोये गये क्षेत्र की कुल निबल बोये गये क्षेत्र से प्रतिशतता 2007–2008 | 52.72 |
| 13.गांव के विद्युतिकरण की प्रतिशतता | 100 |
| 14.स्कूल जाने वाले प्रति 1000 बच्चों पर स्कूलों की संख्या 2004–2005 | |
| प्राथमिक | 5 |
| माध्यमिक | 13 |
| उच्चतर | 4 |
| 15.प्रति लाख जनसंख्या के पीछे बिस्तरों की संख्या | 32 |
| 16.प्रति पॉच लाख जनसंख्या के पीछे अस्पतालों की संख्या | 1 |
| 17.प्रति बैंक के पिछे व्यक्तियों की संख्या 2008–2009 | 129 |
| 18.प्रति 100 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र पर पक्की सतही सड़कों की लम्बाई कि0मी0 2008–2009**(P)** | 74.77 |
| 19.प्रति लाख जनसंख्या के पिछे डाकघरों की संख्या | 5 |
| 20.प्रति लाख जनसंख्या पर परिवार कल्याण केन्द्रों की संख्या | 1 |